मीडिया रिलीस

बीईएमएल ने सबसे अधिक बिक्री टर्नओवर हासिल किया है
30% की वृद्धि दर्ज की

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन मिनी रत्न श्रेणी 1 सार्वजनिक उपक्रम कंपनी है, ने वर्ष 2017-18 के लिए रु.3246 करोड़ के उच्चतम शुद्ध बिक्री कारोबार हासिल किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30% की वृद्धि दर्ज की गई।

खनन और निर्माण व्यवसाय में 11% की वृद्धि दर्ज की गई ; जबकि रेल और मेट्रो व्यवसाय ने 244 मेट्रो कारों के रिकॉर्ड उत्पादन/बिक्री हासिल की है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 114% की वृद्धि दर्ज की गई। बाधाओं के बावजूद, रक्षा व्यवसाय ने भी 10% की वृद्धि दर्ज की है। इस तरह के सराहनीय प्रदर्शन ने कंपनी को 5 वर्ष के अंतराल के बाद 164 करोड़ रुपये के कर के उपरांत लाभ पंजीकृत करने में मदद की है, जो कि 67% से अधिक उछाल दिया है।

खनन और निर्माण बाजार अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और अप्रत्याशित रहा तथा उच्च क्षमतावाले उपकरणों की तैनाती के लिए बाजार प्रवृत्ति में एक समझदार बदलाव था। इस विषय पर, जबकि वर्ष 2017-18 के दौरान उपयोगकर्ता परीक्षणों के लिए आंतरिक रूप में डिजाइन और विकसित उच्च क्षमता 150 टी और 190 टी डंपर्स तैनात किए जा रहे हैं, और "मेक इन इंडिया" पहल के एक अंश के रूप में अन्य उच्च क्षमतावाले उपकरणों जैसे 850 एचपी बुलडोजर (बीडी 475-1), और 180 टी डीजल एक्स्क्यावेटर (बीई 1800 डी) को आंतरिक रूप में डिजाइन और विकसित किया गया था।

कई चुनौतियों के बावजूद, कोयला क्षेत्र में उपकरणों की बिक्री में राजस्व की वृद्धि 79% थी और गैर- कोयला क्षेत्र में 28% रही। कलपुर्जों की मालसूची और तैयार माल की सूची को कम करने के लिए प्रयास किए गए थे। बिक्री के उपरांत सेवा और कलपुर्जों की आपूर्ति पर जोर देने के लिए बीईएमएल ने ग्राहक के साइटों के समीप अधिक गतिविधि केंद्र खोले हैं।

रेलवे और मेट्रो क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धियों को हासिल किया; जैसा कि (i) 240 से अधिक मेट्रो कारों की आपूर्ति, जो बीईएमएल द्वारा एक वर्ष में उत्पादित उच्चतम संख्या है, (ii) शेड्यूल से पहले बीएमआरसीएल को सेट की गई पहली 3-कार ट्रेन की आपूर्ति, जो 150 इंटरमीडिएट कार के अनुबंध का अंश है, (iii) केएमआरसीएल को दो ट्रेन सेटों की आपूर्ति, और (iv) बढ़ते उत्पादन के लिए तीसरी लाइन मेट्रो कार सुविधा का स्थिरीकरण।

रेलवे क्षेत्र के लिए हिटाची के साथ 'समझौता ज्ञापन' (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने से बीईएमएल को तकनीकी लाभ मिलेगा और बीईएमएल को स्थानीय उत्पादन अवसरों का मार्ग खुलने की संभावना है। 3 एच-एमईएमयू के 300 नग के लिए उत्पादन पूर्व गतिविधियां और एलएचबी कोच के लिए शेल्स और बोगी के 20 सेट का निर्माण बेहतर ढंग से चालू है।

जारी/2...

रक्षा कार्यक्षेत्र में, हालांकि वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान ओई का बिक्री कारोबार लगभग उसी स्तर पर रहा है, कलपुर्जा कारोबार लगभग दोगुना हो गया। बीईएमएल ने सशस्त्र बलों के लिए और राष्ट्र की रणनीतिक मिसाइल परियोजनाओं के लिए विभिन्न हथियार और उपकरणों के लिए वाहन प्लेटफार्मों की आपूर्ति जारी रखी है ।

वर्ष के दौरान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जुन मरम्मत और रिकवरी वाहन (एआरआरवी) की सीवीआरडीई के आंतरिक डिजाइन, विकास और आपूर्ति में रही है। बीईएमएल ने टी -72 टैंक के लिए आर एंड डीई (इंजी.), पुणे में ट्रॉल असेंबली का भी निर्माण किया और डीआरडीएल के लिए त्वरित प्रतिक्रिया सतह से एयर मिसाइल (क्यूआरएसएएम) के लिए समुच्चयों को विकसित किया।

नए उत्पादों और प्रौद्योगिकी विकास, उत्पाद उन्नयन और स्वदेशीकरण के लिए कंपनी में नवाचार पर नए ध्यान केंद्रित करने के लिए उपाय किए गए थे।

नई प्रौद्योगिकियों को तलाशने, अकादमिक संस्थानों के साथ संभावित साझेदारी करने और नए उत्पादों और समुच्चयों को विकसित करने के लिए स्टार्ट-अप करने के लिए एक अभिनव सेल बनाया गया था और आर एंड डी इंजीनियरों की पहचान और प्रोत्साहित करने के लिए आर एंड डी पुरस्कार स्थापित किया गया है। प्रमुख अकादमिक संस्थानों के साथ शामिल होने और डीआरडीओ और एआरएआई जैसे आर एंड डी संस्थानों के साथ मिलकर काम करने, और नए उत्पादों को विकसित करने के माध्या से अनुमानित लाभांश प्राप्त हुए।

मानव संसाधन पर जोर देने के लिए कर्मचारी स्वयं-सेवा, ऑनलाइन कार्यनिष्पादन प्रणाली और ऑनलाइन सतर्कता निकासी प्रणाली की सुविधाओं के साथ मानव संसाधन पोर्टल "संपर्क" विकसित किया गया था।

कंपनी ने अधिक पारदर्शिता, दक्षता और लागत बचत जैसे साइबर सुरक्षा प्रणालियों, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, एफएलएमएस, शिकायत हैंडलिंग सिस्टम इत्यादि लाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हुए अग्रणी परियोजनाएं शुरू की हैं।

कंपनी द्वारा अपनी खपत के लिए 100% नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने और कार्बन फुट प्रिंट को कम करने के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए परियोजनाएं की गईं; जो बीईएमएल को 'ग्रीन कंपनी' स्वरूप गर्व होने के लिए सक्षम बनाता है। क्लीनर पर्यावरण सुनिश्चित करने के लिए अन्य कई पहलें, जैसे विनिर्माण परिसरों और बीईएमएल टाउनशिप में प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाना और पूरे संगठन में एलईडी लाइटिंग का सम्पूर्ण परिवर्तन किया गया। कार्बनिक और कैंटीन अपशिष्ट के उपयोग के लिए जैव गैस संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

बीईएमएल ने वित्तीय वर्ष 2018-19 को 6700 करोड़ रुपये से अधिक स्वस्थ ऑर्डर बुक स्थिति के साथ प्रारम्भ किया और हमने आनेवाले वर्ष के लिए एक चुनौतीपूर्ण व्यापार लक्ष्य निर्धारित किया है। निकट क्षितिज में अनेक व्यावसायिक संभावनाएं उभर रही हैं, जो कंपनी की वास्तविक क्षमता को समझने, निर्धारित लक्ष्यों को पार करने के लिए महान आशा और आशावाद लाती हैं।

बीईएमएल द्वारा मीडिया रिलीस

तारीख : 25.5.2018

चित्र 1 & 2 : श्री दीपक कुमार होता, सीएमडी, बीईएमएल मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए